प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

07.04.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18:00 बजे

अनुराग ठाकुर

भाजपा के वरिष्ठ नेता व केन्द्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि कांग्रेस की सोच महिला विरोधी रही है और यही कारण है कि राहुल गांधी समेत कांग्रेस नेता महिलाओं के खिलाफ खुलकर बयानबाजी कर रहे हैं। अनुराग सिंह ठाकुर आज ऊना जिले के मैहतपुर, बसदेहड़ा और हरोली में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के सम्मेलनों में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास अपनी उपलब्धि बताने के लिए कुछ नहीं है और ऐसे में वह जनता को मुद्दों से भटकाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण नहीं दे पाई लेकिन अब भाजपा ने महिलाओं को मान—सम्मान दिया है तो कांग्रेस इसे बर्दाश्त नहीं कर पा रही है। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा ने भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए शानदार काम किया है लेकिन जब कांग्रेस के अपने ही कारनामे सामने आ रहे हैं तो उसे केन्द्रीय जांच एजेंसी का दुरूपयोग करार दिया जा रहा है।

सुविधा पोर्टल

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि आम चुनाव 2024 की घोषणा के बाद से केवल 20 दिन में ही सुविधा पोर्टल पर 73 हजार से अधिक आवेदन मिले हैं। सुविधा पोर्टल के माध्यम से, चुनाव प्रचार अवधि के महत्व को देखते हुए, रैलियां आयोजित करने, अस्थाई पार्टी कार्यालय खोलने, घर—घर जाकर प्रचार, वीडियो वैन, हेलीकॉप्टर, वाहन परमिट प्राप्त करने और प्रचार सामग्री वितरित करने की अनुमति ली जा सकती है। निर्वाचन आयोग ने कहा प्राप्त अनुरोधों में से 44 हजार छह सौ से अधिक मंजूर किए गए हैं। दलों और उम्मीदवारों के लिए समान रूप से सुविधा सुनिश्चित की जा रही है। आयोग ने कहा कि सुविधा पोर्टल चुनाव प्रबंधन में पारदर्शिता को भी बढ़ावा देता है। सुविधा पोर्टल निर्वाचन आयोग द्वारा विकसित प्रौद्योगिकी है, जो स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव के लोकतांत्रिक सिद्धांतों के अनुरूप समान सुविधा उपलब्ध कराता है। राजनीतिक दल और उम्मीदवार चुनाव प्रचार संबंधी अनुमति के लिए इस पोर्टल पर ऑनलाइन अनुरोध कर सकते हैं।

विश्व स्वास्थ्य दिवस

आज विश्व स्वास्थ्य दिवस है। इस दिन लोगों को सेहत से जुड़ी समस्याओं और स्वास्थ्य से जुड़े अधिकारों के बारे में जागरूक किया जाता है। विश्व स्वास्थ्य दिवस की इस वर्ष की थीम है **'मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार'।** इस थीम का उद्देश्य हर किसी को हर जगह जरूरी स्वास्थ्य सेवाएं, स्वास्थ्य शिक्षाएं और उससे जुड़ी जानकारियां प्रदान करना है। आज ही के दिन वर्ष 1950 में विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना पर प्रथम विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया।

पोलियो अभियान

किन्नौर जिले में पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान के तहत आज 5 वर्ष तक की आयु के बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाई गई। रिकांगपिओ में उपायुक्त अमित कुमार शर्मा व कल्पा के एस.डी.एम शशांक गुप्ता ने बच्चों को पोलियो बूंद पिलाकर अभियान की शुरूआत की। उपायुक्त ने कहा कि कोई भी बच्चा खुराक से वंचित न रहे इसके लिए जिले में करीब 4 हजार 6 सौ बच्चों को खुराक पिलाने का लक्ष्य है। आज खुराक से वंचित रहे बच्चों को अगले दो दिन तक घर–घर जाकर स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा खुराक पिलाई जाएगी।

लाहौल उपचुनाव

लोकसभा चुनाव के साथ ही प्रदेश के 6 विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव की सरगर्मियां तेज हो गई है। उपचुनाव के चलते जनजातीय जिला लाहौल स्पिति में भाजपा प्रत्याशी रवि ठाकुर ने चुनाव प्रचार आरंभ कर दिया है। भाजपा उम्मीद्वार घोषित होने के बाद रवि ठाकुर का जिले में पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। उन्होंने दावा किया कि भाजपा उम्मीदवार सभी 6 विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनाव में विजयी रहेंगे।

जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कांग्रेस नेताओं को प्रदेश में उत्पन्न राजनीतिक हालात के लिए भाजपा को दोष न देने की सलाह दी है। मण्डी में आज संसदीय क्षेत्र के मीडिया सेंटर के शुभारम्भ के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस सरकार में वर्तमान हालात ऐसे हैं कि विधायक सरकार छोड़कर जा रहे हैं और मौजूदा सांसद चुनाव लड़ने से इनकार कर रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि वर्तमान सरकार जनता की नजरों और बहुमत के हिसाब से गिर चुकी है और ऐसे में मुख्यमंत्री को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने ये भी आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने गैर संवैधानिक तरीके से मुख्य संसदीय सचिवों की नियुक्तियां की है जिसे लेकर न्यायालय का फैसला जल्द आने वाला है।

मतदान सुविधा

लोकसभा चुनाव में दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं। कांगड़ा जिले की मतदाता सूचियों में 9 हजार 9 सौ 38 दिव्यांग मतदाता चिन्हित किए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त हेमराज बेरवा ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा ऐसे मतदाताओं को घर से ही मतदान करने का विकल्प दिया जाएगा। इस विकल्प को चुनने के लिए फार्म 12डी भरना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि दिव्यांग मतदाताओं की तरह ही 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग मतदाताओं के लिए भी यही व्यवस्था रहेगी।